26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025

अंक- 06 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ‘रिजीम चेंज ऑपरेशन’ का हिस्सा थे दिल्ली दंगे

## सुप्रीम कोर्ट में पुलिस का हलफनामा, उमर खालिद समेत अन्य की जमानत का विरोध

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करते हुए एक बड़ा और एक्सक्लूसिव दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, 2020 के दिल्ली दंगे ‘शासन परिवर्तन ऑपरेशन’ थे। यह हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया गया है। दिल्ली पुलिस ने इन दंगों को केवल एक कानून और व्यवस्था की समस्या न मानकर गहराई में जाते हुए एक राजनीतिक मकसद वाला ऑपरेशन बताया है। यह हलफनामा दंगों के पीछे की साजिश और इरादों की जांच को एक नई दिशा देता है। दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों की साज़िश के मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा और अन्य लोगों की ज़मानत का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दायर किए जाने वाले अपने हलफनामे में हिंसा को एक कोऑर्डिनेटेड ‘शासन-परिवर्तन ऑपरेशन’ का हिस्सा बताया है। हलफनामे में दावा किया गया है कि दंगे अचानक हुआ विरोध प्रदर्शन नहीं थे, बल्कि भारत की अंदरूनी शांति और अंतराष्ट्रीय स्थिति को अस्थिर करने की एक सोची-समझी कोशिश थी।

# बीडा में बनेगा एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और लॉजिस्टिक्स पार्क-सीएम योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि बीडा न केवल झांसी बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति का नया केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को बीडा की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि बीडा क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही अगले छह माह के भीतर पूरी कर ली जाए। इसके लिए एक सप्ताह के अंदर रजिस्ट्री और राजस्व से जुड़े अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती और 15 दिनों में इंजीनियर व टाउन प्लानर की नियुक्ति सुनिश्चित करें।


## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

## बिकाऊ है

एक सुपर स्पलेन्डर बाइक बिकाऊ है। केवल वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें- मो. 9368353695

## आवश्यकता है

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। ( घरेलू कार्य के लिये )

सम्पर्क करें- 8191819148

## Wanted

**Biology and Chemistry Teachers**

Urgently at St. John’s School (CBSE) Nai Basti Bijnor

Contact with documents at the school office.

**Mob. 9837801885, 9927979617**

।। श्री श्रिये नमः ।। ।। श्रीमते रामानुजाय नमः ।। ।। श्री श्रीधराय नमः ।।







जय गुरुदेव!

आप सभी को लोकप्रिय सांध्य दैनिक

**चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ**

एवं कार्तिक पूर्णिमा के महापर्व गंगा स्नान की

**हार्दिक शुभकामनाएं**

हम सब पर गुरु जी की कृपा सदैव बनी रहे!

शुभाकांक्षी- प्रियांक अग्रवाल एडवोकेट

सिविल कोर्ट, बिजनौर

चाट का चस्का रेस्टोरेंट, किरतपुर रोड, निकट एक्सिस बैंक, बिजनौर

ATHER

दीपावली के शुभ अवसर पर

बिजनौर में खुल गया है

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901



## राशिफल

**विमल जैन**
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025**

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्त्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

मिथुन- आज दिन 6/49 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

कर्क- आज दिन 6/49 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

सिंह- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

कन्या- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

तुला- आज दिन 6/49 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

वृश्चिक- आज दिन 6/49 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

धनु- अभीष्ट सिद्धि से प्रसन्नता, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, सुसमाचार से खुशी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

मकर- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

कुम्भ- आज दिन 6/49 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम का सुयोग।

मीन- आज दिन 6/49 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# एक आदमकद हवा- जो सबको छूती फिरती है

# पूर्ण बोरा



चिंगारी ब्यूरो

असम की हरियाली से आच्छादित, शांत और सौम्य धरती लखीमपुर की माटी में एक दिन एक ऐसा बालक जन्मा, जिसकी आंखों में अपने परिवेश से कहीं अधिक विस्तृत स्वप्न थे। सीमित साधनों में पला-बढ़ा वह बालक भले ही साधारण परिवार से था, पर उसकी सोच असाधारण थी। उसमें देश के लिए कुछ करने की तीव्र आकांक्षा थी, समाज को नया रूप देने की ललक थी। यही जिजीविषा उसे इंजीनियरिंग के मार्ग पर ले गई, जहां उसने एक प्रतिष्ठित संस्थान से B.Tech की डिग्री प्राप्त की। परंतु यह केवल आरंभ था- उसके भीतर का 'स्वप्नद्रष्टा' केवल अभियंता बनकर रुकने वाला नहीं था, वह जनता का सेवक बनना चाहता था। वर्ष 2018 में यह सपना साकार हुआ, जब वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में चयनित हुए।

जब उनकी नियुक्ति मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर के रूप में हुई, तो जिले ने मानो एक नई चेतना का उदय देखा। उनके आगमन के साथ प्रशासनिक तंत्र में नई ऊर्जा, नई सोच और नई संवेदना का प्रवाह हुआ। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि एक अधिकारी का दायित्व केवल फाइलों और बैठकों तक सीमित नहीं है- उसका वास्तविक कार्यक्षेत्र समाज की धड़कनों के बीच है।

शिक्षा के प्रति उनकी आस्था गहरी थी। उन्होंने जिले में प्रवेश करते ही आठ सरकारी विद्यालयों को गोद लिया और उन्हें विकास का केंद्र बनाया। उनके मार्गदर्शन में न केवल विद्यालयों की भौतिक संरचना में सुधार हुआ, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच सीखने और सिखाने की नई चेतना जागृत हुई। कक्षाओं की दीवारों पर रंग चढ़ा, बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास खिला और अध्यापकों में कर्तव्यबोध का नया अध्याय प्रारंभ हुआ।

उनकी मेज़ पर हमेशा एक लैपटॉप खुला रहता था- योजनाएं, आंकड़े, रिपोर्टें और सपनों की पंक्तियां उसी में सजी रहतीं। वे तकनीक को कभी बोझ नहीं, बल्कि प्रशासन का सशक्त सहयोगी मानते थे। उनके लिए ई-गवर्नेंस केवल एक शब्द नहीं, बल्कि सुशासन का मूल तत्व था। यही आधुनिक दृष्टिकोण उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग पहचान देता था।

बिजनौर के पर्यटन विकास में उनका योगदान सदैव अमर रहेगा। अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व के गेट के पुनः उद्घाटन से लेकर पीली डैम में आयोजित राष्ट्रीय जल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं तक, उन्होंने जिले की प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। जब 'बिजनौर महोत्सव' का सुझाव दिया गया, तो उन्होंने उसे न केवल स्वीकार किया, बल्कि उसे ऐसा स्वरूप दिया कि पूरा जिला उस उत्सव की आत्मा बन गया। वह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि बिजनौर की संस्कृति, कला, लोक-संवेदना और आत्मगौरव का उत्सव था। उनके लिए हर सुझाव सुधार और नवाचार का अवसर था।

## अधिकारी नहीं, अपने जैसे इंसान

उनकी सबसे बड़ी पहचान उनकी ईमानदारी, मृदुभाषिता और जनता से जुड़ने की सहजता थी। बिजनौर की गलियों से लेकर गांवों तक, हर कोई कहता है- 'वो अधिकारी नहीं, अपने जैसे इंसान थे।' वे हमेशा उपलब्ध रहते, बिना दूरी, बिना औपचारिकता, बिना अहंकार। उनके सहयोगियों का कहना है- 'उन्होंने प्रशासन को जनता से जोड़ा और जनता को प्रशासन पर विश्वास करना सिखाया।'



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विदुर ब्रांड का उपहार देते हुए श्री पूर्ण बोरा ( फाइल )

## 'विदुर ब्रांड' के जनक

**महिलाओं के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यंत संवेदनशील और दूरदर्शी था। उन्होंने स्द्गद्यद्ध ।द्गद्यश्च त्नह्मश्नह्वश्चह्य को नई पहचान दी और 'विदुर ब्रांड' की स्थापना की, जिससे ग्रामीण महिलाओं के हाथों में न केवल आर्थिक शक्ति आई, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास भी जुड़ा। उनका यह प्रयास केवल आजीविका का नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता का आंदोलन था- एक ऐसा आंदोलन जिसने सैकड़ों घरों में उम्मीद की रोशनी भरी।**

## खेलों के प्रति विशेष रुझान

**खेलों के प्रति उनका रुझान भी गहरा था। उन्हें अक्सर स्टेडियम में युवाओं के साथ खेलते, हंसते, प्रोत्साहित करते देखा जा सकता था। उनके लिए खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना का विद्यालय था। वे मानते थे कि खेल के मैदान में जीता गया आत्मविश्वास जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनता है। जनपद में शतरंज को लोकप्रिय बनाने में उनकी महती भूमिका रही।**

**"असम की धरती पर जन्मे उस विलक्षण अधिकारी ने ईमानदारी, संवेदना और कर्तव्यनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। बिजनौर के मुख्य विकास अधिकारी के रूप में उन्होंने शिक्षा, पर्यटन, महिला सशक्तिकरण और सुशासन को जनांदोलन का रूप दिया। विद्यालयों में ज्ञान का दीप जलाया, 'विदुर ब्रांड' से आत्मनिर्भरता का संदेश दिया और 'बिजनौर महोत्सव' से जिले की संस्कृति को नया स्वर मिला। उनकी मृदुभाषिता, तकनीकप्रियता और जनसंपर्क की सहजता ने उन्हें हर हृदय में स्थान दिलाया। वे केवल अधिकारी नहीं, जनसेवा के जीवंत प्रतीक हैं- एक ऐसा दीप, जिसकी ज्योति पीढ़ियों तक राह दिखाती रहेगी।**

**बिजनौर की भाषा से बहुत अधिक परिचित न होने के बावजूद पूर्ण बोरा ने लोगों से जुड़ने की नई भाषा गढ़ी, लोग उनसे जुड़े और बिजनौर उनसे जुड़ता चला गया, एक अधिकारी कैसे स्थितियां बदल सकता है, पूर्ण बोरा उसके बेहतरीन उदाहरण थे, जो अपनी निश्छल मुस्कान के साथ बिजनौर को हमेशा याद रहेंगे।**

आज जब हम उनके कार्यकाल को स्मरण करते हैं, तो अनुभव होता है कि उन्होंने केवल योजनाएं नहीं बनाईं-उन्होंने विश्वास का बीजारोपण किया। उन्होंने यह दिखाया कि प्रशासन यदि संवेदना के साथ जुड़ जाए, तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान के रूप में झलकता है। असम की मिट्टी में जन्मे इस अधिकारी ने बिजनौर की आत्मा में अपना अंश मिला दिया। उनकी निष्ठा, ईमानदारी और विनम्रता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक दीपस्तंभ बन चुकी है।

वे असम के बेटे हैं, पर अब बिजनौर के आत्मीय हो चुके हैं। उनका जाना कई आंखों को नम करेगा, पर उनके कर्म और आदर्श सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

## शुभस्ते पंथानः

**आपकी राह मंगलमय हो; आपके कार्य, आपके संस्कार और आपकी स्मृति सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगे**

-राहुल 'नील'

# बीतने वाला है अक्टूबर माह पांटून पुल अभी नहीं बना



**मंडावर ( चिंगारी )।** राजारामपुर डैबलगढ़ के सामने हर वर्ष अक्टूबर माह में गंगा नदी पर पांटून पुल का निर्माण किया जाता है। बरसात शुरू होने पर पुल को खोल दिया जाता है लेकिन अबकी बार अक्टूबर माह का महीना बीत चुका है, लेकिन पांटून पुल का कार्य शुरू भी नहीं हो सका, जिससे बालावाली से लेकर रावली तक के दर्जनों से अधिक गांवों के किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशुओं के लिये भी चारा लाने के लिये ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

## गंगा पार के किसानों की गुहार, सुनो सरकार

खादर क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए डैबलगढ़ के सामने गंगा नदी पर पांच वर्षों से पांटून पुल का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन अबकी बार समय बीतता जा रहा है लेकिन पुल का निर्माण नहीं हुआ, जिसमें बुधवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने गंगा नदी पर पहुंच कर अपनी आप बीती बताई। बताया कि अक्टूबर माह में पुल का निर्माण होता है लेकिन अबकी बार अक्टूबर माह बीतने को जा रहा है लेकिन गंगा नदी पर पुल का निर्माण नही हुआ है। पांच नवम्बर को गन्ना मिल का पेराई सत्र शुरू होने जा रहा है। किसानों का कहना है कि वे दो बार पांटून पुल जल्द बनवाने के लिए एक्सईएन एवं अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि बहुत जल्दी ही पांटून पुल का निर्माण किया जायेगा। लेकिन ऐसा नही हुआ। किसान कैसे गंगा के उस पार से गन्ना लायेंगे। नाव से गंगा पार जानवरों का चारा लेने जा रहे ग्रामीणों के साथ कई बार बड़ा हादसा हो चुका है, लेकिन कोई अधिकारी गंगा के पार बसे ग्रामीणों की सुध लेने को तैयार नहीं है।

## महिला को टक्कर मार कार वाला फ़रार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ढीकली निवासी रामसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 23 अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजे वह अपनी पत्नी सुनीता के साथ सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज गति से आये कार चालक ने सुनीता को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद कार चालक मौके से फ़रार हो गया। घायल अवस्था मे सुनीता को नूरपूर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उसकी नाजुक हालत के कारण प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। सुनीता का उपचार मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

## झाड़ू लगाने के बहाने कहां गई ना जाने

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 25 अक्टूबर की सुबह समय करीब पांच बजे उसकी बहन घर के बाहर झाड़ू लगाने गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। युवक का आरोप है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में समीपवर्ती गांव पीपला जागीर निवासी युवक अमीन पुत्र अनीस अहमद अपने एक साथी के साथ उसकी बहन को अपनी बाइक पर बैठाकर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। पीड़ित ने पुलिस से अपनी बहन की बरामदगी की गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## शादी में जाने से मना किया तो युवती ने फांसी लगा ली

**नगीना ( चिंगारी )।** वैवाहिक कार्यक्रम में जाने से परिजनों ने मना किया तो 18 वर्षीय अलफिजा ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर दिया। नगर के मोहल्ला लुहारी सराय निवासी अलफिजा ( 18 वर्ष ) बुधवार को किसी वैवाहिक कार्यक्रम में जाने की परिजनों से जिद कर रही थी। परिजनों ने जाने से मना किया, तो नाराज होकर वह मकान के ऊपरी मंजिल में बने कमरे में पहुंचकर छत में लगे पाइप में दुपट्टे से फंदा बनाकर उस पर लटक गई। काफी देर तक वह नीचे दिखाई नहीं दी तो परिवार के लोग ऊपर कमरे में पहुंचे तो खिड़की से वह फंदे से लटकी दिखाई दी। कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकालकर चिकित्सक को दिखाया तो उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मृतका की मां अंजुम निशा की तहरीर के आधार पर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## एसआईआर और चुनाव सुधार-1

निर्वाचन आयोग ने देश में चुनाव सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मतदाता सूची के राष्ट्रव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण ( SIR ) का निर्णय किया है। हालांकि, निर्वाचन आयोग, राष्ट्रीय और राज्यों के स्तर पर मतदाता सूचियों का नियमित रूप से पुनरीक्षण करवाता रहा है, पर यह वर्तमान घोषणा अनेक कारणों से महत्वपूर्ण हो गई है। कुछ दिनों पहले समाप्त बिहार के एसआईआर ने सुर्खियां बटोरी थीं तथा कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने इसे समाप्त कराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने कोई स्थगन आदेश नहीं दिया तथा निर्वाचन आयोग को कुछ कदम उठाने का निर्देश देकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसके पहले विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा केन्द्र में सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने के लिए सुनियोजित ढंग से मतदाताओं के नाम जोड़ने या काटने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि भाजपा के इशारे पर कर्नाटक, हरियाणा, दिल्ली व खासकर महाराष्ट्र की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया जिससे महाराष्ट्र में भाजपा को अप्रत्याशित विजय मिली। राहुल गांधी ने बिहार में मतदाताओं को भाजपा के इस कथित षडयंत्र से जागरूक करने के लिए 'जनादेश यात्रा' निकाली थी जिसमें विभिन्न चरणों में 'इंडिया' गठबंधन की अनेक अन्य पार्टियों व खासकर राष्ट्रीय जनता दल-राजद ने भाग लिया था। भाजपा का कहना था कि यह यात्रा सर्वोच्च न्यायालय पर दबाव डालने के उद्देश्य से निकाली गई थी, जो इस मुद्दे पर विचार कर रही थी। उसका यह आरोप भी था कि गैर-भाजपा शासित राज्यों में खासकर कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियां 'घुसपैठियों' को मतदाता सूची में शामिल करवा कर अपना वोट बैंक बना रही हैं और देश के अनेक भागों में जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास कर रही हैं। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जनसंख्या संरचना बदलने के घुसपैठियों द्वारा किए प्रयासों को राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और एकता पर बड़ा खतरा बताते हुए इसके खिलाफ कदम उठाने की घोषणा की थी। ...जारी

# हार्ट अटैक में सीपीआर की अहमियत!

**भारत में 98 प्रतिशत लोगों द्वारा सीपीआर का तरीका नहीं जानने के चलते हर साल दिल का दौरा पड़ने से करीब सात लाख लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। अचानक हृदय रुकने की घटनाएं शहरों तक ही सीमित नहीं रहीं। इस किस्म की बढ़ती वारदातों से अब गांव भी अछूते नहीं रहे। आधुनिक जीवन शैली और खाने-पीने के तरीकों में बदलाव के कारण मनुष्य खराब खानपान, पानी, तनाव, प्रदूषण, नीरसता और निष्क्रियता ने सूरतहाल को और पैचीदा बना दिया है। इससे हृदयाघात की समस्याएं बढ़ी हैं।**



एम.ए. कंवल जाफरी
मो. 91 9917767622, 9675767622

हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग हृदय खून को पंप कर बदन के हर भाग तक ऑक्सीजन और जरूरी पोषक तत्व पहुंचाने का कार्य करता है। इसलिए शरीर के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए दिल का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा 1.80 करोड़ मौतें दिल की बीमारी से होती हैं। हर पांच में से चार व्यक्ति हार्ट अटैक और स्ट्रोक का शिकार होकर मौत के मुंह में समा जाते हैं। हार्ट अटैक तब आता है, जब दिल तक ऑक्सीजन लेकर जाने वाले खून की सप्लाई रुक जाती है। इसमें हृदय की मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है या उनके कार्य करना बंद करने और समय पर इलाज नहीं होने से जनहानि हो सकती है।

भारत में 98 प्रतिशत लोगों द्वारा सीपीआर का तरीका नहीं जानने के चलते हर साल दिल का दौरा पड़ने से करीब सात लाख लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। अचानक हृदय रुकने की घटनाएं शहरों तक ही सीमित नहीं रहीं। इस किस्म की बढ़ती वारदातों से अब गांव भी अछूते नहीं रहे। आधुनिक जीवन शैली और खाने-पीने के तरीकों में बदलाव के कारण मनुष्य खराब खानपान, पानी, तनाव, प्रदूषण, नीरसता और निष्क्रियता ने सूरतहाल को और पैचीदा बना दिया है। इससे हृदयाघात की समस्याएं बढ़ी हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक एक तंदरुस्त शख्स के लिए रेटिंग हार्ट रेट 80 से 100 बीट प्रति मिनट होती है। इससे कम या अधिक बीमारी का लक्षण माना जाता है। दिल का दौरा पड़ने का अहसास होते ही चिकित्सक की मदद ली जानी चाहिए। दौरा पड़ने से पहले हमारा शरीर सिगनल देता है। अकारण दर्द या तकलीफ महसूस होना हार्ट अटैक का लक्षण हो सकता है। सीने में दर्द या दबाव अचानक शुरू हो सकता है और निरंतर रह सकता है। यह दर्द गर्दन, कंधों और कमर में भी हो सकता है। बाईं बाहु में दर्द इसका खास लक्षण है। दिल का दौरा उस समय पड़ता है, जब दिल तक खून की सप्लाई रुक जाती है। यदि हृदय की गति रुकने के पांच मिनट पहले रोगी को साधारण तकनीक कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया जाए, तो उसकी जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अचानक हृदयगति रुकने से जान गंवाने को महज इत्तेफाक कहकर पल्ला नहीं झाड़ा जा सकता। इसमें मानवीय संस्कार और सामाजिक विफलता की भी अहम भूमिका है। इसलिए जागरूक ही नहीं, आम लोगों को भी सीपीआर और उसे देने के तरीके से वाकिफ होना जरूरी है। जानकारी के अभाव में हमारे देश में केवल सात प्रतिशत रोगियों को समय पर सीपीआर मिल पाता है। हमारी सामान्य जानकारी और मामूली सजगता पीड़ित व्यक्ति की जान बचाने में मददगार हो सकती है। आंकड़े गवाह हैं कि मात्र दो प्रतिशत देशवासियों को सीपीआर देने का तरीका आता है। 49 गुना लोग इस साधारण सी तकनीक से पूरी तरह नावाकिफ हैं।



विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे देश में हृदय रोग पहले से ही मौत का एक बड़ा कारण है। भविष्य में इस संकट के और गहराने की संभावना है। 2030 तक देश में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की संख्या 19.3 करोड़ को पार कर जाएगी। इनमें सार्वजनिक स्थानों पर सांस रुकने, बेहोश होकर गिरने और हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि होगी। ऐसी स्थिति में सीपीआर या ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर (एईडी) जैसे उपकरण जीवन बचाने में कारगर साबित हो सकते हैं।

चूंकि, हमारे मुल्क में यह व्यवस्था बहुत सीमित है, इसलिए सीपीआर पर ही तवज्जो देना बेहतर विकल्प है। पीड़ित व्यक्ति में हृदयगति रुकने के बाद प्रत्येक मिनट की देरी से उसके जीवित रहने की संभावना 10 प्रतिशत तक कम हो जाती है। पांच मिनट का विलंब जान का जोखिम हो सकता है। सीपीआर एक साधारण सी तकनीक है। इसमें अपने दानों हाथों को मरीज की छाती के बीच में रखकर तेज और समान दबाव डालने के साथ मुंह पर मुंह रखकर सांस देना होता है, ताकि खून के प्रवाह को जारी रखकर मरीज के मस्तिष्क और हृदय तक ऑक्सीजन पहुंचाई जा सके। अधिकांश कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। स्कूल के पाठ्यक्रम में सीपीआर तो शामिल है, लेकिन प्रशिक्षण का अभाव है। नारवे और सिंगापुर जैसे देशों में स्कूली बच्चों और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए सीपीआर का प्रशिक्षण अनिवार्य है। हमारे मुल्क के कई शहरों के अस्पतालों और निजी संस्थाओं में सीपीआर वर्कशॉप शुरू किए गए हैं, लेकिन गांवों में अभी इस प्रकार की सुविधाएं नहीं हैं। इस प्रक्रिया को तब तक जारी रखना चाहिए, जब तक चिकित्सीय सहायता रोगी तक न पहुंच जाए। इस तरह हम हृदयाघात के रोगी की जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं। आजकल दिल से जुड़ी समस्याएं एक बड़ा सबब बन चुकी हैं। माना जाता है कि हार्ट अटैक या स्ट्रोक पर काबू पाना मुश्किल है, लेकिन वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के मुताबिक साधारण सी आदतों का अनुपालन कर 80 प्रतिशत तक दिल की बीमारियों को रोका और हृदय को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है।

अमेरिका के विशेषज्ञ डॉक्टर वास ने कुछ आसान और प्रभावी आदतें अपनाकर दिल की देखभाल आसानी से करने की सलाह दी है। इनमें रोजाना खाने के बाद 10-15 मिनट टहलना, तेल की गोलियों के स्थान पर ओमेगा-3 से भरपूर फूड्स लेना, अच्छी नींद को अहमियत देना, प्लास्टिक के स्थान पर कांच या स्टील की बोतलों का इस्तेमाल करना और नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराना शामिल है। टहलने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है और दिल पर कम दबाव पड़ता है। सैल्मन, अखरोट, अलसी या चिया सीड्स में पाया जाने वाला ओमेगा-3 खून की खराब चर्बी को कम करने के अलावा नसें ब्लॉकेज होने से बचाता है। दिल की सेहत के लिए कम से कम छह घंटे भरपूर नींद जरूरी है। गहरी नींद से ब्लड प्रेशर नियंत्रित और आर्टरीज रिलैक्स रहती हैं। प्लास्टिक की बोतलों और डिब्बों का प्रयोग न करें। इनमें मौजूद बीपीए जैसे रसायन हार्मोंस को बिगाड़कर दिल को प्रभावित कर सकते हैं। दिल की बीमारियों से ऐहतियात बरतने के लिए साल में एक या दो बार ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक बदलाव कर बड़ी परेशानी से बचा जा सके।

# श्रद्धालुओं के वास्ते, ठीक कराये जा रहे रास्ते



मेला स्थल का निरीक्षण करते क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह

**नांगल सोती ( चिंगारी )। गंगा स्नान मेले की सुदृढ़ व्यवस्था बनाने तथा मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मेला समिति का गठन किया गया है। रास्तों को ठीक करने के लिये जेसीबी मशीन लगातार चल रही है तथा बींडा डालने को फूंस काटा जा रहा है। बुधवार की शाम क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने मेला स्थल का निरीक्षण किया।**

## गंगा स्नान मेले की तैयारी जोर-शोर से जारी

स्थानीय गंगा स्नान मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। लगातार जेसीबी मशीन चलाकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों को ठीक किया जा रहा है। जहां जरूरत है, वहां मिट्टी, पाइप डालकर रास्ता तैयार किया जा रहा है। मार्ग चौड़ीकरण हेतु खेतों से थोड़ा-थोड़ा गन्ना कटवाया जा रहा है। मार्ग में जहां रेत ज्यादा है, वहां बींडा डालने को कांस-फूंस काटा जा रहा है। मेले का उद्घाटन 3 नवंबर को होगा तथा समापन 6 नवम्बर को गुदड़ी मेले के आयोजन के बाद होगा।

मेले की व्यवस्थायें बनाने हेतु मेला समिति का भी गठन किया गया है। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल को संयोजक / संरक्षक, ग्राम प्रधान मौ. फरमान को उपसंरक्षक, गार्विन चौधरी को उपाध्यक्ष, सिंधुराज सिंह को मंत्री, साधुराम भंडू को कोषाध्यक्ष, आर्य वीरेन्द्र शर्मा को सलाहकार/ऑडिटर बनाया गया है। उधर बुधवार की शाम क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह मेला स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक तथा समिति सदस्य मौजूद रहे।



बींडा डालने को कांस-फूंस काटते मजदूर

# ईमानदारी से लड़ी जाएगी सफाई कर्मचारियों के मान-सम्मान की लड़ाई : अरविंद सूद



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश की जनपद बिजनौर शाखा के अध्यक्ष अरविंद सूद ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की लड़ाई को पूरी ईमानदारी के साथ लड़ा जायेगा।

श्री सूद स्थानीय मौहल्ला गौहर अली खां स्थित बाल्मीकि धर्मशाला में सोमराज सुहाग की अध्यक्षता एवं मोहित पवार के संचालन में आयोजित सफाई कर्मचारियों व सफाई मजदूरों की बड़ी सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। श्री सूद ने कहा कि समाज के बदलते परिवेश के आधार पर सफाई कर्मचारियों व सफाई मजदूरों के अधिकारों के साथ-साथ उनके मान-सम्मान की लड़ाई को संघ मजबूती से लड़ेगा। सभा में संघ के जिला महामंत्री अरविंद टांक, राजीव प्रसाद, पमीत घाघट, आदेश, प्रदीप वरिष्ठ नेताओं ने विचार व्यक्त किये। सभा के बाद संघ के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में स्थानीय शाखा के लिए रंजीत पवार उपाध्यक्ष, राजवीर पवार कोष्ध्यक्ष, जयराज राणा संगठन मंत्री, नितिन सुहाग, विकास पवार, सोनू पवार व राकेश कुमार सलाहकार तथा सनी कुमार को मीडिया प्रभारी चुना गया।

# गंगा स्नान मेले में कैम्प लगायेगा सैनी समाज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सैनी समाज जनपद बिजनौर का एक कैम्प विदुर कुटी गंगा मेले में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक लगाया जायेगा। कैम्प के संयोजक मंशाराम सैनी एडवोकेट ने बताया कि कैम्प में यात्रियों के रुकने व खाने की सुविधा रहेगी तथा सैनी समाज के उत्थान के संबंध में समाज के नेता विचार रखेंगे। श्री सैनी ने स्वजातीय लोगों का आह्वान किया है कि विदुर कुटी मेले में सैनी समाज के कैम्प में उपस्थित होकर अपने नेताओं के विचार सुनें। मंशाराम सैनी एडवोकेट पिछले 24 वर्षों से उक्त कैम्प का आयोजन करते आ रहे हैं, जिसमें रहने एवं खाने की व्यवस्था नि:शुल्क रहती है।

# एसपी ने कई थानों के इचांर्ज बदले

**बिजनौर( चिंगारी )।** जनपद में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसपी अभिषेक झा ने कई थाना प्रभारियों के तबादले किए हैं। थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह को शिवालाकला थाना प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। एसपी अभिषेक झा ने कई थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। नूरपुर से प्रभारी निरीक्षक जयभगवान को प्रभारी निरीक्षक थाना हीमपुर दीपा, थाना शिवालाकलां प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, एसओ रेहड़ विकास कुमार को एसओ नूरपुर, एसओ हीमपुर दीपा बिजेन्द्र सिंह राठी को एसओ रेहड़ बनाया गया है।

# पिंडदान स्थल पर कब्जे का प्रयास, लेखपाल हमसाज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर ग्राम समाज की भूमि एवं पिंडदान स्थल पर कुछ ग्रामीणों द्वारा नींव खोदकर पक्का निर्माण करने की शिकायत की है तथा हलका लेखपाल पर उनसे हमसाज होने का आरोप लगाया है।

प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि गांव में स्थित ग्राम समाज की आराजी खसरा संख्या 224 तालाब पर गांव के बिजेन्द्र, इंतेखाब, अनस, गुड्डू, अरुण उर्फ भोला ताकत के बल पर नींव खोदकर पक्का (पुख्ता) निर्माण करना चाहते हैं। खसरा संख्या 224 गांव के मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। इस भूमि पर ग्रामवासी पूर्वजों के समय से अपने परिजन की मृत्यु हो जाने पर उसके शव को रखकर पिंडदान करते हैं। यदि उक्त भूमि पर उपरोक्त ग्रामवासी कब्जा कर लेंगे तो जहां ग्राम पंचायत को अपूर्णीय क्षति होगी,वहीं ग्रामीण अपने परिजनों की मृत्यु हो जाने पर पिंडदान संस्कार भी नहीं कर सकेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि हलका लेखपाल भी इन लोगों से हमसाज है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि राजस्व टीम से पैमाइश कराकर पक्के पिंडदान स्थल का निर्माण कराया जाये। साथ ही उक्त भूमि पर कब्जा करने की फिराक में लगे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कराये जाने की भी मांग की गई है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# युवक के घर पर फायरिंग कर दहशत फैलायी, मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार को सजल पुत्र सुखदेव, सुमित उर्फ बडडी पुत्र नरेन्द्र निवासीगण ग्राम तिसोतरा तथा मुकुल उर्फ चारू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम कामराजपुर थाना नांगल एक बाइक पर सवार होकर तिसोतरा में सागर पुत्र विजेन्द्र के घर के सामने पहुंचे तथा पुरानी रंजिश के चलते उसके घर के सामने अवैध शस्त्र से फायरिंग करके दहशत फैला दी। फायरिंग करके वे आराम से वहां से चले गये। सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची, मगर तीनों आरोपी अपने घरों से फरार हो गये। सागर की मां ने पुलिस को तहरीर देकर दहशत फैलाने वाले युवकों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

पुलिस ने आयुध अधिनियम की धारा 30 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। यहां उल्लेखनीय है कि आरोपियों में शामिल युवक सजल का विगत सितम्बर माह में एक नलकूप पर चार अवैध शस्त्र लेकर फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने 12 सितम्बर को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इससे पहले मार्च, 2025 में भी पुलिस ने उसे 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा था।

# शिवलिंग पर आपत्तिजनक सामग्री डालने वाला लिया थाम
## आरोपी है गांव के ही मसीत का पुत्र गुलाम

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिवहारा मार्ग स्थित ग्राम कुंडीपुरा केदारपुर के ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में लगे शिवलिंग पर किसी शरारती तत्व द्वारा आपत्तिजनक सामग्री डाले जाने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करने का दावा करते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कुंडीपुरा केदारपुर के ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में ग्राम पंचायत कार्यालय, पुस्तकालय संचालित है और वहां भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा विराजमान है जिसकी एक साइड में शिवलिंग स्थापित है। बुधवार को किसी शरारती तत्व ने शिवलिंग के पास आपत्तिजनक सामग्री डालकर गांव का माहौल खराब करने का प्रयास किया था। घटना की सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि वह खराब पड़ा हुआ है ।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से घटना को लेकर पूछताछ की। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि विवेचना के दौरान गुलाम हुसैन पुत्र मसीत निवासी ग्राम कुंडीपुरा केदारपुर का नाम सामने आया। पुलिस ने गुलाम हुसैन को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी गुलाम मोहम्मद को चालान कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# श्याम जन्मोत्सव पर ऐसे प्रस्तुत हुये भजन
## झूमने पर मजबूर हो गये भक्तजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से दो दिवसीय छठे श्री श्याम जन्मोत्सव पर आयोजित श्याम कीर्तन में मध्य प्रदेश से पधारी भजन गायिका ज्योति पाल ने अपने भजनों की प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। इस अवसर पर ज्योति पाल ने कहा कि धामपुर के भक्तों के बारे में जैसा सुना था उससे भी कहीं अधिक उमंग और उत्साह का संचार उनमें देखने को मिला। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद से दूसरी बार धामपुर पधारी भजन गायिका पूनम सांई की प्रस्तुतियों व भजन गायक आचार्य पंडित विकास वशिष्ठ ने भी अपने भजनों को प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। खाटू धाम से पधारे श्री राम म्यूजिकल ग्रुप ने तो अपनी वादन कला की श्रद्धालुओं के मन और मस्तिष्क में ऐसी छाप छोड़ दी जो लंबे समय तक स्मरण रहेंगी।

कार्यक्रम में पहली बार सलूजा इवेंट के संचालक सरदार मंजीत सिंह सलूजा साधक तथा सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा सिदक की ओर से लाइटिंग की प्रभावी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा समाजसेवी नितिन कुमार सैनी सर्राफ को सम्मानित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती




**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में देश के भूतपूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम मां शारदा की वंदना के पश्चात लोह पुरुष के चित्र पर समस्त स्टाफ द्वारा पुष्पार्चन किया गया। विद्यालय के आचार्य भूपेंद्र कुमार ने वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज और देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए समय-समय पर श्रेष्ठ महापुरुषों ने जन्म लिया है। इसी श्रृंखला में सरदार वल्लभभाई पटेल का नाम आता है जिनका जन्म गुजरात प्रांत के नारियाड स्थान पर जबेर भाई और लाडला देवी के यहां हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात इंग्लैंड से वकालत की शिक्षा प्राप्त की तथा कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए पत्नी की मृत्यु पर भी तुरंत वकालत का कार्य छोड़कर के घर पर नहीं गए ,अपना दैनिक कार्य समाप्त करने के बाद ही घर पर गए। विद्यालय के आचार्य कुवर पाल सिंह द्वारा किस प्रकार से वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष कहा गया, इस घटना पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने बताया गया कि हम सभी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर के अपने जीवन में परिवर्तन करना चाहिए तभी जयंती मनाने का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा। इस अवसर पर यूकेजी के छात्र अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सरदार वल्लभभाई पटेल के रूप में उपस्थित हुए।

# शिल्पकार समाज ने मनाई
## स्व. हीरालाल टम्टा की 93वीं जयंती

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से बुधवार को सिमलचौड़ स्थित कार्यालय में प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य स्व. हीरालाल टम्टा की 93वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन कर शिल्पकार समाज के लिए दिये गये उनके योगदान को याद किया गया।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश के शिल्पकार समाज के हितार्थ उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद अंतिम समय तक कार्य किया था। उत्तराखंड आंदोलन के दौरान 90 के दशक में उन्होंने शिल्पकार समाज के हितों के लिए प्रादेशिक शिल्पकार समिति का गठन किया था, जो आज भी शिल्पकार समाज के हितों के लिए कार्य कर रही है। कहा कि शिल्पकार समाज के लिए दिये गये उनके योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। बैठक में मनोज सिंह, केसीराम निराला, अधिवक्ता अवनीश नेगी, अमित कुमार, अनुज कुमार, तेजपाल सिंह और मनोहर सिंह सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# तुलसी-शालिग्राम संग दो कन्याओं
## की हल्दी, मेहंदी, मंढा रस्म की गई



**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री साई सेवा संघ व हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा दो कन्याओं प्रीति व वैष्णवी व तुलसी माता एवं भगवान शालिग्राम की हल्दी, मेहंदी, मंढा की रस्म निभायी गयी। इस अवसर पर शशिबाला शर्मा,सुदेश शर्मा,मंजू,तुलसी जोशी, सुनीता गोस्वामी, पुष्पा सैनी, सरोज देवी, सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी आदि महिलाए उपस्थित रही। अंत में सभी को मंढा का प्रसाद कढ़ी, चावल, उड़द, खीर वितरित किये गए। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि उनके व उनके सहयोगियों द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह व जरूरतमंद कन्याओं को विवाह साम्रगी 26 वर्षों से निरतंर देवोत्थानी एकादशी के पर्व पर भेंट की जा रही है। पिछले वर्षों के तरह इस वर्ष भी दो नवंबर देवोत्थानी एकादशी के पर्व पर दोपहर 3 बजे तुलसी-शालिग्राम के विवाह के अवसर पर कन्याओं को विवाह सामग्री व उपहार भेंट किये जायेंगे।

# एम्स में प्रारंभ हुआ सतर्कता जागरूकता सप्ताह
## अधिकारियों व कर्मियों ने ली ईमानदारी की प्रतिज्ञा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशा निर्देश पर एम्स, ऋषिकेश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आगाज हो गया। सप्ताह के प्रथम दिवस संस्थान के लगभग सभी विभागों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ईमानदारी की प्रतिज्ञा ली गई, जिसमें संस्थान के चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों, आला अधिकारियों एवं कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। सभी ने समवेत स्वर में भ्रष्टाचार जैसी कुरीति से मन, बचन व कर्म से लड़ने की दृढ़ प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर कहा गया कि किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को निर्मूल करने की नैतिक संकल्प शपथ से ही हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति संभव है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह की देखरेख में एम्स, ऋषिकेश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह विधिवत शुरू हो गया। 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले सप्ताह के पहले दिन मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित सार्वजनिक समारोह में संस्थान के चिकित्सकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामुहिकरूप से ईमानदारी की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर संस्थान की डीन एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. जया चतुर्वेदी, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. संजीव मित्तल, मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. डॉ. मनीषा नैथानी, प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह, प्रो. संदीप पाटिल, प्रो. शालिनी राव, डॉ. अंशुमन दरवारी, डॉ. अनुपमा बहादुर, डॉ. श्रीपर्णा बासु, डॉ. अनीसा आतिफ मिर्जा, डॉ. हरीश चंद्रा, डॉ. नेहा सिंह, डा. पूनम सिंह, डॉ. रूचि दुआ, डॉ. राजलक्ष्मी मूंदड़ा, डॉ. निधि कैले, डॉ. अमित सहरावत, डॉ. महेंद्र सिंह, रजिस्ट्रार राजीव चौधरी, विधि अधिकारी प्रदीप चंद्र पांडेय आदि मौजूद थे।

# उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालयों की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता का आयोजन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** ब्लॉक के शहीद रिक्खी सिंह परवीन सिंह सभागार में बुधवार को राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुपालन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकास खंड क्षेत्र के समस्त उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश व डाइट मेंटर निशा चौहान के नेतृत्व में किया।

प्रथम चरण में प्रति विद्यालय के तीन-तीन छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया, जिसमें पच्चीस बहुविकल्पीय प्रश्न सभी बच्चों को करने अनिवार्य थे। इस परीक्षा के आधार पर टॉप पच्चीस का चयन हुआ। दूसरे चरण की साक्षात्कार व्याख्या हेतु क्विज प्रतियोगिता में पांच-पांच बच्चों की टीम बनाकर प्रत्येक टीम से दस-दस प्रश्न पूछे गए। प्रथम 10 बच्चों का जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु चयन किया गया, जिसमें प्रथम पांच छात्र-छात्राओं का चयन विज्ञान प्रदर्शनी में टीएलएम/ मॉडल निर्माण के लिए किया गया तथा पांच छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में क्विज प्रतियोगिता के लिए किया गया।

चयनित छात्र-छात्राओं को डाइट प्रवक्ता ब्लॉक की डाइट मेंटर निशा चौहान द्वारा मेडल व सर्टिफिकेट, शील्ड और स्टेशनरी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मॉडल निर्माण करने के लिए प्रथम पांच बच्चों को तीन हज़ार रूपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर कंपोजिट विद्यालय शाहदपुर गुलाल के शगुन ने प्रथम स्थान, तुषार पाल ने द्वितीय व अवनेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अलीशा उच्च प्राथमिक विद्यालय सेला ने चतुर्थ स्थान, शियाशी उच्च प्राथमिक विद्यालय छाजुपुर ने पांचवां स्थान, चाहत उच्च प्राथमिक विद्यालय नूरपुर ने छठवें, दामिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय छाजुपुर ने सातवां स्थान, रिंकू उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजातपुर टिक्कर ने आठवां स्थान व नैतिक कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय राहुंगली ने नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर शिक्षकों व अभिभावकों का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता का संचालन एआरपी सलीम अहमद साबरी ने किया।

# छात्र-छात्राओं ने वेस्ट मेटीरियल से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट किरतपुर में छात्र-छात्राओं के कौशल विकास एवं रचनात्मक विकास के लिए वेस्ट मेटीरियल पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मोहम्मद साईम राजा व प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने वेस्ट मेटीरियल से उपयोगी व खूबसूरत वस्तुओं का निर्माण किया। इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी



छात्रा को प्रमाण-पत्र देते हुए साइम राजा।

किरतपुर के सदर व महाविद्यालय के प्रबंधक जनाब मौहम्मद साईम राजा ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं का निरीक्षण किया और उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद पेश करते हुए कौशल विकास व शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रबंधक व प्राचार्य ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति के संगठन महामंत्री बने योगेंद्र पाल शास्त्री

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथमा बैंक की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कल मुरादाबाद के मिडटाउन क्लब में स्वर्ण जयंती समारोह का विशाल आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की पूर्व तीनों ग्रामीण बैंकों के संगठनों को मिलाकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री चैन सिंह रावत की देखरेख में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें श्री एनके मिश्रा को संरक्षक, श्री इरफान आलम को अध्यक्ष तथा श्री योगेंद्र पाल शास्त्री को



संगठन मंत्री चुना गया। समारोह में वक्ताओं ने ग्रामीण बैंक की 50 वर्षों की उपलब्धियां, वर्तमान समस्याओं तथा भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किये।

# जहां बछिया को निवाला बनाया वन विभाग ने वहां पिंजरा लगाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** वन विभाग की टीम ने उस पशुशाला के पास पिंजरा लगाया है, जहां गुलदार ने एक बछिया (गौवंश) को परसों रात्रि में निवाला बना लिया था। वन विभाग की राजगढ़ रेंज से वन दरोगा शुभम कुमार, वन रक्षक मौ. इरफान खान तथा चौकीदार बब्लू, मुकेश, पवन, मनोज कल शाम नांगल के पश्चिमी छोर पर स्थित हेमेन्द्र चौधरी की पशुशाला में पहुंचे तथा वहां गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाया। ज्ञातव्य है कि परसों रात्रि में गुलदार ने सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी की बस्ती से सटे खेत में बनी पशुशाला में घुसकर 6-7 माह की एक बछिया को मार डाला था तथा चंद कदमों की दूरी पर ले जाकर उसे निवाला बना लिया था। अब देखना है कि गुलदार पिंजरे में फंसता है या नहीं। गुलदार



नांगल में कई पालतू एवं निराश्रित पशुओं को निवाला बना चुका है। हालांकि क्षेत्र के कई गांवों में पिंजरे लगाये गये, मगर अभी तक किसी पिंजरे में गुलदार नहीं फंसा है।

# ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मारी, एक की मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर ओवरटेक करने के प्रयास में एक तेज़ रफ़्तार ट्रक द्वारा बाइक में पीछे से टक्कर मार दिये जाने से उस पर सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सीएचसी पहुंचाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर डेढ़ बजे क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद निवासी सुरेश कुमार पुत्र नन्हे सिंह और सुभाष सैनी पुत्र कृपाल सिंह शेरकोट से खरीदारी कर अपने घर वापस लौट रहे थे। जब मुबारकपुर गांवड़ी स्थित बैंक के पास पहुंचे तो पीछे से तेज़ गति में आये एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और ट्रक का



पहिया सुरेश कुमार के सिर पर उतर गया, जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त बाइक हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल करा दिया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार हुए ट्रक को पकड़ने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

**बेरिकेड लगाकर धीमी गति से हो रहा हाईवे की मरम्मत का कार्य, बन रहा हादसों का कारण**

**क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिन से हाईवे पर सड़क की मरम्मत का कार्य धीमी गति से चल रहा है। लोगों का कहना है कि मरम्मत कार्य के लिए कहीं भी बेरिकेड लगा दिए जाते हैं या हाईवे को वन वे कर दिया जाता है, जिससे एक सप्ताह के भीतर कई सड़क हादसे हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि आज की घटना भी बेरिकेड लगे होने के कारण ही हुई है।**

# गन्ना मूल्य में वृद्धि किसानों को बड़ी सौगातः तपराज सिंह


बैठक में मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि गन्ना मूल्य में 30 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि करके योगी सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। योगी सरकार ने इस निर्णय से साबित कर दिया है कि वो ही किसानों की सच्ची हितैषी है। बुधवार को विकास खंड स्थित ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय किसानों की बैठक में सरकार द्वारा की गई गन्ना मूल्य वृद्धि के निर्णय की सराहना की गई तथा इसके लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा किसान हित में गन्ने का भाव 400 रुपए प्रति कुंतल करके किसान हित में जो निर्णय लिया गया है, उसकी जितनी भी सराहना की जाये वो कम है। इससे किसान की रीढ़ मजबूत होगी और वो समृद्धि के मार्ग की तरफ बढ़ेगा। इस मौके पर सभी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। बैठक में पार्टी के नांगल मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, गजरौला पाईमार मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रे, भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, राघव प्रताप एड., भागूवाला सहकारी समिति के सभापति ब्रजराज सिंह देशवाल, जुनेश कुमार, भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह, अर्पण चौधरी, सुखजिंदर सिंह गोल्डी आदि उपस्थित रहे।

## राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन एक वीर पराक्रमी राजा थेः कमलकांत वालिया


कलाल समाज के पदाधिकारी राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के होटल वालिया रेजीडेंसी में आयोजित कार्यक्रम में कलाल समाज के वंशज राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कलाल समाज बिजनौर के जिला अध्यक्ष कमलकांत वालिया ने कहा कि राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन एक वीर पराक्रमी राजा थे। उन्होंने हमेशा धर्म की नीति व शक्ति का संदेश दिया है। उन्होंने कलाल समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किये है। उनकी कथा भारतीय पुराणों में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में कलाल समाज के पदाधिकारियों ने राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कलाल समाज के नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष सुशील वालिया, कोतवाली देहात के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव कर्णवाल, जिला मीडिया प्रभारी मोहित कर्णवाल, राजेश वालिया, दुष्यन्त वालिया, दीपक वालिया, प्रदीप वालिया आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों से एसआईआर पर मांगा सहयोग

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय एसडीएम कार्यालय पर एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर प्रक्रिया व निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वह मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग दें, ताकि पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल हो सके और कोई भी मतदाता वोट से वंचित न रहे। बुधवार को एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के नेताओं को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में विस्तार बताया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दौरान पहचान प्रमाण के रूप में 12 दस्तावेजों को मान्यता प्रदान की है। ये दस्तावेज मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने में सहायक होंगे, इनमें आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस व पैन कार्ड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी/अर्द्ध-सरकारी कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र, मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान का छात्र पहचान पत्र, बिजली, पानी या टेलीफोन (लैंडलाइन/मोबाइल) बिल भी मान्य हैं, अन्य मान्य दस्तावेजों में बैंक/डाकघर की पासबुक (जिसमें पता अंकित हो), राशन कार्ड, किराया अनुबंध, सरकारी विभाग से जारी आवास आवंटन पत्र या सरकारी आवास का प्रमाण तथा गैस कनेक्शन की रसीद शामिल हैं। बैठक में तहसीलदार डॉ. संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार, राजनीतिक प्रतिनिधियों में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी राजीव अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, कांग्रेस पार्टी से शजर तय्यब, समाजवादी पार्टी के विधायक हाजी तसलीम के प्रतिनिधि नितिन कश्यप, आजाद समाज पार्टी से मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, अपना दल एस से जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी सहित कई अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## योगी जी ने गन्ना मूल्य बढ़ाया, किसान नेता इंतजार ने आभार जताया



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सरकार के इस कार्य की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि किसानों ने सरकार के इस फैसले से राहत की सांस लीं है। लगातार महंगी खाद व महंगी कीटनाशक दवाइयां के चलते किसानों की गन्ने में लागत ज्यादा लग रही थी जबकि दाम कम मिल रहे थे। इस कारण किसान गन्ना बोने से बच भी रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के निर्देश पर हाल ही में कृषि क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह ने उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से इस संबंध में शिष्टाचार भेंट कर गन्ना मूल्य बढ़ाने के लिए मांग पत्र सौंपा था। कृषि मंत्री ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए गन्ने के मूल्य में तीस रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि कराई है। जिससे अब गन्ने का रेट चार सौ रुपये प्रति कुंतल होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। किसान अब गन्ने की खेती पूरी मेहनत से करेंगे जिससे क्षेत्र में कृषि क्रांति को बढ़ावा मिलेगा।

### सूचना

मैं तसलीम पुत्र बुन्दू निवासी जरूफसाज़ान कस्बा साहनपुर अपने लड़के अज़ीम के व्यवहार से दुखी हूं और उसकी बदतमीजी से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने अज़ीम से हर तरह का रिश्ता खत्म कर दिया है और अपनी अचल व चल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है।

-तसलीम पुत्र बुन्दु, जरूफसाजान, कस्बा साहनपुर, थाना नजीबाबाद






# कुमार अनुकर राजपूत ने यूपीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के लिए गर्व का विषय है कि कुमार अनुकर राजपूत, सुपुत्र श्री मधुकर राजपूत एवं सुपौत्र स्वर्गीय श्री मामराज सिंह, एडवोकेट एवं पूर्व अध्यक्ष राजपूत सभा, बिजनौर) ने यूपीएससी की हाइड्रोलॉजिस्ट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। कुमार अनुकर राजपूत मूल रूप से ग्राम नंगली, पोस्ट मंडावर, जिला बिजनौर के निवासी हैं। वर्तमान में उनके पिता श्री मधुकर राजपूत कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली में कार्यरत हैं तथा परिवार लक्ष्मी नगर, दिल्ली में निवास करता है। अनुकर की इस उपलब्धि से उनके परिवार, ग्रामवासियों एवं समस्त जिले में हर्ष और गर्व की लहर है। चिंगारी परिवार अनुकर के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# श्रद्धापूर्वक निकाली तीसरी प्रभातफेरी


प्रभातफेरी निकालती सिख समाज की संगत।

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में बुधवार को तीसरे दिन नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में सबसे आगे निशान साहिब तथा उनके पीछे गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, तारा सिंह,भाजपा नेता रोहित रवि, हरमीत मल्होत्रा आदि ढोलक एवं वाद्य यंत्र बजाते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी में संगत शब्द कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा संत सभा से प्रारंभ होकर तहसील, नगर पालिका एवं डाकघर होते हुए अंबेडकर नगर स्थित मास्टर धर्मवीर सिंह के निवास पर पहुंची। प्रभातफेरी का अंबेडकर नगर में कई स्थानों पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। शब्द कीर्तन, अरदास एवं प्रसाद वितरण के बाद प्रभातफेरी वापस गुरुद्वारे आकर संपन्न हुई।

# गौ सेवा से मिलती है मुक्ति- आचार्य दिनेश भारद्वाज



**धामपुर ( चिंगारी )।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित गौरी गौशाला आश्रम में तीन दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव एवं पितृ दोष निवारण यज्ञ सत्संग एवं गौ कथा के दूसरे दिन कथा सुनाते हुए आचार्य दिनेशचंद्र भारद्वाज ने कहा कि कथा का उद्देश्य गौसेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण और समाज में धर्म-संस्कार की भावना को सशक्त बनाना है। गौसेवा ही सच्ची देवसेवा है। गोपाष्टमी पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, पितृदोष निवारण और सुख-समृद्धि का मार्ग है। गौ सेवा से ही मुक्ति मिलती है। गौ माता में सभी देवी-देवता निवास करते हैं। आचार्य डॉ. दिनेशचंद्र भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी पर्व के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गौचारण की शुरुआत की थी। देवराज इंद्र से गोवर्धन प्रसंग के बाद क्षमा याचना कर कामधेनु गाय के दूध से श्रीकृष्ण का अभिषेक किया, तभी से यह दिन गौमाता और श्रीकृष्ण की आराधना का पर्व बन गया। गौ कथा में पीके त्यागी, सुधीर सक्सेना, योगेश चौहान, दीपेश जैन, सीमा जैन, कविता त्यागी, नीना बंसल, कविता भारद्वाज, सुनीता अग्रवाल, मीनाक्षी भारद्वाज, गौतम गिरि, विनीत शर्मा, सैनी चौहान, टेकचंद, अखिलेश चौहान, महेंद्र शर्मा आदि शामिल रहीं।

## बुक कीपर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान हल्दौर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व सहायता समूह के बुक कीपर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन डॉ. सुरेशचन्द्र राजपूत प्रिन्सिपल क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान रामपुर मनिहारन, सहारनपुर तथा सर्वेश कुमार जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने प्रमाण-पत्र वितरण के साथ किया। उन्होंने महिला बुक कीपर प्रतिभागियों से अपील की कि इस प्रशिक्षण के उपरांत आपके अभिलेखों से संबंधित त्रुटि होने की संभावना कम ही है। यहां से प्राप्त जानकारी को सभी समूह सदस्यों को उपलब्ध करायें तथा अपने समूह में अपनी जिम्मेदारी या मिली भूमिका का निर्वहन लग्न व ईमानदारी से करें। जिला रिसोर्स पर्सन, श्रीमती राखी तथा ब्लॉक रिसोर्स पर्सन श्रीमती मीनाक्षी ने महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें इन्होंने पुस्तक संचालन, खाता बही, पुस्तकों के प्रकार, बचत पुस्तिका तथा अभिलेखों में अंकन करना आदि सीखाया। प्रशिक्षण शिविर में श्रीमती रेणू, शिवानी, अनीता, बबीता, सोनी, ज्योति, उजाला आदि ने भाग लिया।

# जयपुर में स्वर्ण पदक जीता निष्ठा ने चार चांद लगाये जिले की प्रतिष्ठा में




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय नेशनल रेकिंग टूर्नामेंट में सब जूनियर कंपाउंड वर्ग का स्वर्ण पदक जनपद के ग्राम शादीपुर निवासी निष्ठा गुप्ता ने जीता। निष्ठा ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश तथा जनपद का सम्मान बढ़ाया है।

वरिष्ठ पत्रकार विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता ने बुधवार को राजस्थान के जयपुर में संपन्न हुई नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीता। निष्ठा ने बेहद रोमांचक मुकाबले में हरियाणा की खिलाड़ी वारुणी को 144-143 से पराजित किया। मंगलवार को संपन्न हुए स्कोरिंग राउंड में निष्ठा ने 683 अंकों के साथ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद बुधवार को नॉक आउट मुकाबले खेले गए। निष्ठा ने क्वार्टर फाइनल में दिल्ली की खिलाड़ी को हराया। क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु की खिलाड़ी को हराया। सेमीफाइनल में निष्ठा ने राजस्थान की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जीत के साथ निष्ठा ने सब जूनियर चैंपियन घोषित किया गया। निष्ठा ने अपनी-अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया। निष्ठा उत्तर प्रदेश की ओर से एकमात्र खिलाड़ी रही जो नॉकआउट में स्थान बना पाई और स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# कड़ी मेहनत ही सफलता का मूल मंत्र


अटल आवासीय विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते शिक्षक

**नगीना ( चिंगारी )।** अटल आवासीय विद्यालय में चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी के विद्यार्थियों ने स्कूल पहुंचकर बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें पुरस्कृत भी किया। बुधवार को स्कूल में पहुंची श्रुति सैनी, गायत्री, नयना और अल्फिया ने बताया कि अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ गणित तथा विज्ञान विषय पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करना ही मूल मंत्र है। इस अवसर पर शिक्षक परवेज आदिल, सौरभ शुक्ला, निशा रानी, स्वाति वर्मा, रेनू रानी, संतोष देवी ने चारों छात्राओं को पुरस्कृत किया।

# प्रदेश सरकार ने गन्ने का दाम बढ़ाया रालोद नेताओं ने आभार जताया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** युवा रालोद नेता हनी तोमर के नेतृत्व में रालोद कार्यकर्ताओं व किसानों ने गन्ने का भाव 400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किये जाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार जताते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। ग्राम पीपलसाना में बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता व किसान इकट्ठा हुए तथा गन्ने के भाव में 30 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि किये जाने पर प्रसन्नता जताते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर युवा रालोद नेता हनी तोमर ने कहा कि चुनाव के समय रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने किसानों से गन्ने का भाव 400 रूपये कराने का वादा किया था, गन्ने का भाव 400 रूपये घोषित होने पर मुख्यमंत्री व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया। श्री तोमर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी अपने दादा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह व अपने पिता स्व. चौ अजित सिंह के पदचिन्ह पर चलते हुए किसान सहित सर्वसमाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर युवा रालोद नेता हनी तोमर, क्षेत्र पंचायत सदस्य और क्षेत्रीय महासचिव दयावीर प्रजापति, राममूर्ति शर्मा, आनन्द सिंह, कपिल राठी, कामेंद्र गुर्जर, अखिल शर्मा, अमित तोमर और धैर्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जागो रे जागो, बिजनौर वालो जागो...

## राकेश प्रधान ने बजाकर गिटार, किया पोस्टकार्ड अभियान का प्रचार



**बिजनौर (चिंगारी)।** गंगा एक्सप्रेसवे, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि और बिजनौर जनपद में कृषि विश्वविद्यालय की मांग को लेकर किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने मुख्यमंत्री को एक लाख पोस्टकार्ड भेजने का अभियान छेड़ा था। इस अभियान का लक्ष्य पूरा हो चुका है, वहीं गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग पूरी हो चुकी है। शेष मांगे पूरी करने कराने के लिए चौधरी दिगंबर सिंह ने पोस्टकार्ड अभियान न सिर्फ जारी रखने बल्कि और अधिक तेजी लाने की अपील की। इसी के चलते बिजनौर के जनमानस को जागरूक करने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश प्रधान ने बिजनौर शहर में गिटार बजाकर व्यापारियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक पोस्टकार्ड अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। राकेश प्रधान गिटार पर गाना गाते हुए 'जागो रे जागो,बिजनौर वालो जागो, गंगा एक्सप्रेसवे मांगो, एक पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री के नाम भेजो' गाते हुए, जब शक्ति चौक से डाकघर की तरफ चले तो बाजार में मौजूद खरीदारी करने आए आम नागरिक तथा व्यापारी उनकी बात सुनने के लिए उनके पीछे-पीछे तक चलने लगे। राकेश प्रधान ने मुख्य डाकघर में भी पहुंचकर गिटार बजाया और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजने का संदेश दिया। जिन लोगों को जानकारी नहीं थी, उन्होंने इस अभियान में पोस्टकार्ड की अहमियत पूछी और वायदा भी किया कि वे भी एक पोस्टकार्ड जरूर मुख्यमंत्री के नाम भेजने का काम करेंगे। आगे आगे गिटार की धुन और पीछे-पीछे पोस्टकार्ड वितरित करते नौजवानों को देखकर हर कोई राकेश प्रधान के इस अनूठे प्रदर्शन पर चर्चा करते दिखाई दिया।

# गन्ना मूल्य में 30 रुपये का इज़ाफ़ा दीपावली व गंगा स्नान का तोहफ़ा

## चौधरी नरेश कुमार और हनी प्रधान ने हर्ष जताया


चौ.नरेश कुमार


वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान

**हल्दौर (चिंगारी)।** योगी सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति कुंतल किये जाने पर सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के चेयरमैन चो.नरेश कुमार व नामित संचालक वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान ने खुशी जाहिर करते हुए इसे किसानों का दीपावली और गंगा स्नान का तोहफा बताया है। चौ.नरेश कुमार व वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान हितैषी है और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि कर किसान हित में उचित कदम उठाया हैं, जिससे साबित होता है कि भाजपा सरकार के लिए किसानों का हित सर्वेपरि हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ-साथ सभी वर्गो के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चला रखी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश बन चुका हैं। माफिया व गुंडाराज का खत्मा हो चुका हैं महिलाएं और छात्राएं आज पूरी तरह सुरक्षित हैं और अकेली भी कहीं भी आ जा सकती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पहले से बहुत बेहतर हुई हैं, प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड के द्वारा 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य में 30 रुपये की बढ़ोतरी प्रदेश के किसानों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है, जिसके लिए हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हैं।

# सास से हुई थी कहासुनी, बहू ने मौत की राह चुनी

## जंगल में पेड़ पर लटका मिला शव




**शेरकोट (चिंगारी)।** किसी बात को लेकर सास से हुए झगड़े के बाद बहू ने आत्महत्या कर ली। देर शाम विवाहिता का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी 27 वर्षीय रूची पत्नी सुन्दर सिंह की मंगलवार को अपनी सास भूरी देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बताया जाता है कि इसी से क्षुब्ध होकर रूचि बिना बताए घर से निकल गई और गांव के पास जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव पेड़ पर रस्सी के फंदे में लटका हुआ मिला। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि लगभग सात साल पहले रूची और सुन्दर ने क्षेत्र के ग्राम हादकपुर निवासी रूचि से प्रेम विवाह किया था। सुन्दर मुरादाबाद में बर्तन बनाने के कारखाने में काम करता है तथा रूचि घर पर सास व अपनी पांच साल और सात माह की दो बेटियों के साथ रहती थी।

थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने आया है कि मृतका का अपनी सास से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिससे क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के शव पर जाहिर कोई चोट का निशान नहीं था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और गहनतापूर्वक मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

# हल्दौर में आई कैम्प लगेगा 2 नवम्बर को



**हल्दौर (चिंगारी)।** समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 2 नवंबर दिन रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों द्वारा शिविर में आने वाले मरीजों की आंखों का चैकअप कर मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया जाएगा। शिविर आयोजक सुशील वर्मा ने बताया कि 2 नवंबर को स्थानीय वर्मा मैरिज हॉल में लगने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में केवल एडवांस रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ही चिकित्सकों द्वारा देखा जाएगा। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन 2 नवंबर से पूर्व प्रात:10 बजे से सांय 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर करा सकते हैं।

# आयकर विभाग को समय से कार्रवाई करनी चाहिए थी- दिगम्बर



**बिजनौर (चिंगारी)।** पेराई सत्र शुरु करने के तैयारियां शुगर मिलें कर रही हैं और संभवत नवंबर के पहले सप्ताह में जनपद की सभी शुगर मिलें चल जाएंगी, वहीं धामपुर शुगर मिल पर आयकर विभाग की छापेमारी से शुगर मिल चलने में विलंब हो सकता है। किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि आयकर विभाग को समय से कार्यवाही करनी चाहिए थी और अभी भी जो कार्यवाई चल रही है, उस कार्यवाही से पेराई सत्र न प्रभावित हो, इस तरह से कारवाई होनी चाहिए। आयकर विभाग द्वारा गलत समय पर कार्यवाही की जा रही है। इससे किसानों का बड़ा नुकसान हो सकता है। हम किसी कार्यवाही का विरोध नहीं करते किंतु किसान हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

# जेनेसिस स्कूल ने चौथी बार जीता ख़िताब

## देवभूमि इंटर स्कूल वालीबॉल प्रतियोगिता



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर ने एक बार फिर खेल के मैदान में अपनी ताकत दिखाई। चतुर्थ पांच दिवसीय देवभूमि इंटरस्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल ने ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर को 3-0 से हराकर लगातार चौथी बार चैंपियन बनकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच का उदघाटन तराई इंडिपेंडेंट स्कूल के पूर्व अध्यक्ष श्री वी.वी. भट्ट और श्री प्रदीप सपरा ने किया। पूरे मैच में दोनों टीमों ने जोरदार मुकाबला किया, लेकिन जेनेसिस के खिलाड़ियों ने टीमवर्क और मेहनत से जीत हासिल की। विजेता टीम को श्री बलवीर सिंह सहोता, चेयरमैन सहोता पेपर मिल ने 5100 और उपविजेता टीम को 3100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शैलेन्द्र मोहन सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि जेनेसिस स्कूल खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने का अवसर देता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. रजनीश कुमार ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की खूब सराहना की और कहा कि जेनेसिस के विद्यार्थी अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के बेहतरीन उदाहरण हैं।

देवभूमि सहोदय के अध्यक्ष श्री प्रदीप सपरा ने कहा कि देवभूमि सहोदय की स्थापना का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना है। जेनेसिस इस लक्ष्य में हमेशा सबसे आगे रहा है। कार्यक्रम में सर्वश्री बलवीर सिंह सहोता, हरजीत सिंह सहोता, डॉ. रवि सहोता, श्री सत्येन्द्रपाल सिंह सहोता, सिद्धार्थ सिंघल, डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, वी.वी. भट्ट और कविंद्र सिंह डेसिला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मनमोहक झांकी के साथ निकाली गई प्रथम प्रभातफेरी




**नूरपुर ( चिंगारी )।** सिक्खों के प्रथम पातशाही श्री गुरुनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से सात दिवसीय प्रभातफेरी का शुभारंभ आज गुरुवार को पहली प्रभातफेरी के आयोजन से हुआ। सिख समुदाय ने भक्ति और उत्साह से प्रभातफेरी में हिस्सा लिया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिख सभा के तत्वावधान में सुबह सवा पांच बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास और परिक्रमा के उपरांत प्रभातफेरी का शुभारंभ पंथ के प्रतीक श्री निशान साहिब की अगुवाई में श्री गुरुनानक देव जी की मनमोहक झांकी के साथ हुआ। संगत ने ढोल-मंजीर की मधुर ध्वनि के साथ वाहे गुरु सतनाम के जयकारों संग नगर भ्रमण किया। श्रद्धालुओं द्वारा प्रभातफेरी का जलपान और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्रभातफेरी का समापन गुरुद्वारा परिसर में अरदास और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। प्रभातफेरी का नेतृत्व गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार गुरनाम सिंह चिंटू,उपप्रधान रिंकू सिंह, जनरल सेकेट्री राजन सिंह मुंशी, खजांची गुरनाम सिंह मुन्ना, मीडिया प्रभारी गुणवंत सिंह राठौर, मलकीत सिंह आदि ने किया। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या सिख संगत शामिल रही। कमेटी के प्रधान गुरनाम सिंह ने बताया कि प्रभातफेरी का सिलसिला पांच नवंबर को समाप्त होगा। तीन नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में तीन दिवसीय श्री अखंड पाठ का शुभारंभ होगा।



## जिलाध्यक्ष की पुत्री के जन्मदिन पर इंकाइयों ने भेंट किये उपहार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बीती रात कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह की सुपुत्री जैस्वी के प्रथम जन्म दिवस पर बिजनौर के आरके फार्म हाउस पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष को उनकी बेटी के जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किये तथा बच्ची को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभकामनाएं देने वालों में नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, नगर सचिव महमूद कुरैशी, डॉ. इकबाल खान, मंडल अध्यक्ष शिताब खान, नगर सचिव आलम आदि शामिल रहे।

## सेवा भारती मालिनी नगर ने भगिनी निवेदिता का जन्मदिन मनाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सेवा भारती मालिनी नगर नजीबाबाद के चारों केंद्रों के संचालक व बच्चे हिमालयन कॉलोनी स्थित केंद्र पर एकत्र हुए तथा भगिनी निवेदिता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर सिस्टर निवेदिता के जीवन की उपलब्धियों व उनके भारत प्रेम के संबंध में बच्चों को विस्तार से बताया। बच्चों को मिष्ठान एवं जूस का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सभी केंद्रों के संचालकों के अतिरिक्त स्थानीय नागरिक एवं सेवा भारती अध्यक्ष अभय कुमार मित्तल, सचिव कृष्ण औतार वर्मा, केंद्र संचालिका रेशु रानी, मनिता देवी, मीनू रानी, मंजू, जोनू एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



भगिनी निवेदिता का जन्मदिन मनाते हुए।

## गोपाष्टमी पर गौशाला में की गई गाय की पूजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोपाष्टमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिजनौर की गौशाला में गायों की पूजा कर गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह सहित पालिका के अधिकारियों ने नगर में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। प्रदर्शनी मैदान स्थित गौशाला में आज नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह तथा अधिशासी अधिकारी विकास कुमार पालिका सभासद व अधिकारियों के साथ पहुंचे, गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा और गुड़ आदि खिलाया गया। पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि गोपाष्टमी पर गाय को चारा और गुड़ खिलाने से सुख-शांति और खुशहाली आती है। इस मौके पर सभासद संजय बिश्नोई, अमित कुमार सिंह,अवर अभियंता सिविल यशवंत सिंह, अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, विपिन देसाई व आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अफसान का दबदबा रहा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा के छात्र अफसान का दबदबा रहा। बुधवार को सौफतपुर स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में अफसान, सादिक, सिराज, बालिका वर्ग में इंशा परवीन, चांदनी, जिया, 100 मीटर बालक वर्ग में सिराज, सादिक, अफसान, बालिका वर्ग में चांदनी, जिया, महाविश, 200 मीटर बालक वर्ग में फरहान, सिराज खान, हर्ष, बालिका वर्ग में जिया, इंशा परवीन, अवनी, 400 मीटर बालक वर्ग में अफसान, कार्तिक, सादिक, बालिका वर्ग में चांदनी, अमरीन, इलमन, लंबी कूद बालक वर्ग में अफसान, प्रिंस, अभय, बालिका वर्ग में सिदरा, सिमरन एवं अमरीन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक वर्ग 200 मीटर दौड़ में वनराज, अभिषेक, आदित्य, बालिका वर्ग में कैफिया, डोली, साइन, 400 मीटर दौड़ में वनराज, रिहान, खिजर, बालिका वर्ग में कैफिया, अलीशा, अलवीरा, 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आदित्य, अरमान, केशव, बालिका वर्ग में इसराना, कैफिया, दीक्षा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।



## जश्ने नूरपुर : एक शाम हिंदू-मुस्लिम एकता के नाम

## सब्जियां हिंदू हुईं, बकरा मुसलमां हो गया...

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की देर शाम खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में जश्न-ए-नूरपुर एक शाम हिन्दू-मुस्लिम एकता के नाम से ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का इनअकाद किया गया। प्रोग्राम के मेहमान-ए-खुसुसी फजलुर्रहमान अंसारी व हाजी उस्मान अंसारी ने फीता काटकर मुशायरे का इफ्तताह किया, जबकि नगर पालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर आयुष चौहान व भाजपा नेत्री अलीशा सिद्दीकी ने मुश्तरका तौर पर शमा रोशन की। मुशायरे की निज़ामत के फराइज मशहूर नाज़िम नदीम फर्रुख ने अंजाम दिये। मुशायरे का आगाज़ दिल्ली के शायर सर्फ़ नानपारवी की नात-ए-पाक से हुआ। उनकी नात 'ईमान के रोशन हैं मीनार मदीने में, दिन-रात बरसते हैं अनवार मदीने में' उस राह की मिट्टी को चूमा है फ़रिश्तों ने, जिस राह से गुजरें हैं सरकार मदीने में पर सामाईन ने खूब दाद दी। कवि राहुल शर्मा ने पढ़ा 'मौत से पहले भी मर सकता हूं, अपने वादे से मुकर सकता हूं'। नदीम फर्रुख ने पढ़ा 'नफ़रतों का असर देखो जानवरों का बंटवारा हो गया। सब्जियां हिन्दू हुईं, बकरा मुसलमां हो गया'। मुशायरे में अफ़ज़ल अलाहाबादी, गुरचरण सिंह अजीज, मेहनाज़ स्योहरवी, जहाज़ देवबन्दी, राजवीर सिंह राज, बिलाल सहारनपुरी, साबिर बहेटवी, तहज़ीब अबरार, अरशद चांदपुरी, ताहिर अर्श, कशिश वारसी, जावेद आसी व मेराज बिजनौरी ने अपने कलाम से मुशायरे में समा बांधा। आखिर में कन्वीनर मुशायरा नबील मिकरानी ने सबका शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम में बसपा नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी, फुरकान प्रधान, महमूद मिकरानी, शमीम मिकरानी, सासंद प्रतिनिधि ओमपाल सिंह बालियान, काजी इदरीस आदि मौजूद रहे।



# बरसात में खराब होने से कैसे बचाएं अनाज



**बरसात में अनाज सुरक्षित रखना काफी मुश्किल हो जाता है। इन दिनों लोगों को अनाज में नमी आने या फिर कीड़ा लगने का डर रहता है। ऐसे में इन्हें सुरक्षित रखने के लिए आप कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं।**

घरों में अनाज स्टोर करना बेहद आम बात है। लेकिन बरसात के दिनों में अनाज में हल्की सी नमी आने से घुन यानी कीड़े लग जाते हैं। ऐसे में धीरे-धीरे पूरा अनाज खराब होने लगता है। कुछ लोग उसे फेंक देते हैं तो कुछ मेहनत से साफ करके इस्तेमाल कर लेते हैं। गेहूं जैसी चीजों को तो एक बार को धुलने के बाद साफ किया भी जा सकता है, लेकिन आटा, पीसे हुए मसाले को साफ करना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में उसे फेंकना ही एकमात्र विकल्प बचता है। ऐसे में आपको बिना देर किए कुछ ऐसे तरीके अपनाने चाहिए जिससे आप अनाज, दाल या खाने-पीने की अन्य चीजों को खराब होने से पहले ही बचा सकें।

## बारिश में अनाज खराब होने से बचाने के घरेलू तरीके

चावल, आटा, दाल, दलिया, मटर जैसी चीजों में कीड़े या घुन लगने से बचाने के लिए आपको हींग वाला नुस्खा आजमाना चाहिए। इसके लिए कपड़े में हींग लें उसकी पोटली बनाएं, इसे अनाज स्टोर करने वाली जगह पर रख दें। याद रखें कि पोटली सिंगल कपड़े में न रखें। उसकी दो से चार परत बनाकर ही हींग उसमें रखें, नहीं तो उसकी महक अनाज में हो जाएगी। इस तरीके से कीड़े अनाज में नहीं होंगे।

### नीम की पत्तियां

गेहूं या ज्यादा साबुत अनाज जैसी चीजों को कीड़ों से बचाने के लिए आप नीम की पत्तियां सुखाएं। उसमें आप तेज पत्ता भी मिला सकते हैं। आप सूखी लाल मिर्च भी रख सकते हैं, इसे अनाज के डिब्बे में रख दें, इससे कीड़े, घुन या छोटे कीट नहीं होंगे।

### कच्ची हल्दी

बारिश में अनाज या खानपान की चीजों को बचाने के लिए आप कच्ची हल्दी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। कच्ची हल्दी की गांठ लेकर आएं। इसे थोड़ा धूप में सूखा लें। ताकि उसकी नमी हट जाए। इसके छोटे स्लाइस कट करें। सूती कपड़ा लेकर उसमें कच्ची हल्दी रखें। पोटली बनाकर अनाज में रख दें।

---

# तुरंत डस्टबिन में डालें खतरनाक चीजें

**आजकल बहुत कम उम्र में ही कई तरह की खतरनाक बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इसकी वजह है खराब लाइफ स्टाइल और खानपान। हम जाने-अनजाने ऐसी बहुत सारी गलतियां करते हैं, जिनसे धीरे-धीरे हमारे शरीर पर नकारात्मक असर पड़ता है। डेली लाइफ को आसान बनाने के लिए लोग तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार ये चीजें ही हमें बीमार कर सकती हैं। इसलिए इन चीजों को हमें तुरंत हटा देना चाहिए।**



### रूम फ्रेशनर



घर के कमरे से लेकर कार तक को खुशबूदार बनाने के लिए रूम फ्रेशनर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है लंबे समय तक इसे इस्तेमाल करने से आपको सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी की समस्या हो सकती है, क्योंकि इसमें वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड, फॉर्मेल्डिहाइड, सिंथेटिक फ्रेगनेंस होती है। जिससे आपको दिक्कत हो सकती है।

**क्या करें :** केमिकल युक्त रूम फ्रेशनर की बजाए आप नेचुरल विकल्प अपनाएं- जैसे बेकिंग सोडा, नींबू या एसेंशियल ऑयल्स।

### एलुमिनियम फाइल पेपर



खाना रखने के लिए लोग एलुमिनियम फाइल पेपर का इस्तेमाल करते हैं। ये भी आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि गर्म खाना इसमें रखने पर एल्यूमिनियम कण खाने में मिल सकते हैं, जो न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम्स (जैसे अल्जाइमर) से जुड़े हो सकते हैं।

**क्या करें:** एल्युमिनियम का उपयोग सीमित रखें। खासकर एसिडिक फूड्स (जैसे टमाटर या नींबू) के साथ न करें। वैकल्पिक चीजों का इस्तेमाल करें।

### फ्लोर क्लीनर लिक्विड

बाजार में मिलने वाले अधिकांश फ्लोर क्लीनर लिक्विड में अमोनिया, फिनायल या अन्य टॉक्सिक केमिकल होते हैं। इनकी गंध से सिरदर्द, चक्कर और सांस लेने की तकलीफ हो सकती है। खासकर बच्चों और पालतू जानवरों को।

**क्या करें:** घर में फर्श धोने के लिए सिरका, बेकिंग सोडा या लेमन वाटर जैसे नेचुरल क्लीनर ट्राय करें।



# गति पकड़ रहा पोस्टकार्ड अभियान, रैली निकालकर किया जनता का आह्वान

## जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने किया रैली का शुभारम्भ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर से निकाले जाने तथा जनपद में कृषि यूनिवर्सिटी बनाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का अभियान लगातार जारी है।

आज कोतवाली देहात में एक रैली निकाली गई, जिसमें व्यापारियों व किसानों का आह्वान किया गया कि उपरोक्त मांगों को लेकर एक-एक पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को अवश्य भेजे। रैली का शुभारंभ जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने झंडी दिखा कर किया। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाने की हमारी मांग को सरकार ने पूरा कर दिया है। अब गंगा एक्सप्रेस वे की मांग को लेकर संघर्ष करना है। जिले के विकास के लिए जरूरी है कि गंगा एक्सप्रेस वे बिजनौर से होकर निकले। रैली में समरपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नमेंद्र सिंह, मुकुल कुमार त्यागी, मुनेश कुमार, धर्मपाल सिंह, विकास कुमार, मशरूर, किफायतुल्ला, निरंजन राठी, नागेन्द्र सिंह, वसीम, राजू चेयरमैन, टीकम भारती, फहीम, अवधेश आदि मौजूद रहे।

# नहटौर में सालाना उर्स शुरू



उर्स का उद्घाटन करते हुए डॉ ज़ैद बिन हफ़ीज़ व सभासद शेख इजलाल अहमद।

**नहटौर ( चिंगारी )।** यहां पीर की चुंगी पर स्थित बाबा रहीमुद्दीन शाह रहमतुल्ला आले की मजार पर तीन दिवसीय सालाना उर्स का उद्घाटन डॉ. जैद बिन हफीज एवं सभासद इजलाल अहमद ने फीता काट कर किया। इस मौके पर डॉ ज़ैद बिन हफ़ीज़ ने कहा कि उर्स हमारे बुजुर्गों की याद ताजा करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यक्रम की शमा रोशन करने के उपरांत सभासद शेख इजलाल अहमद ने कहा कि कव्वाली प्राचीन संगीत की वह विधा है जिसमें गंगा जमुनी तहजीब की साक्षात झलक देखने को मिलती है। इस अवसर पर अध्यक्ष छुट्टन ठेकेदार, मोहम्मद हनीफ, बदर अहमद, बाबा फरीद, हिफजुर्रहमान, राकेश सैनी, शम्भू सैनी, शमशाद उर्फ शम्मा, फरमान अहमद आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गन्ना मूल्य वृद्धि पर हर्ष जताया किसानों का मुंह मीठा कराया



गन्ना किसानों को मिठाई खिलाते हुए गन्ना समिति के सभापति रामवीर सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 30 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि किए जाने से किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस दौरान गन्ना समिति धामपुर में एकत्रित हुए किसानों ने गन्ना मूल्य वृद्धि के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गन्ना समिति के सभापति रामवीर सिंह ने किसानों का मुंह मीठा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय गन्ना किसानों के हित में एक ऐतिहासिक कदम है, अब गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़कर 400 रुपए हो गया है। इस मौके पर अभिषेक कुमार कुंवर संचालक कृष्ण गोपाल, सचिव विनोद कुमार सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# गन्ना का दाम बढ़ाया, संघ ने आभार जताया



ईश्वर सिंह

**नहटौर ( चिंगारी )।** यूपी सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 400 रुपये प्रति कुंटल करने पर भारतीय किसान संघ बिजनौर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए आगे गन्ना लागत के आधार पर मूल्य 450 करने की मांग की है। भारतीय किसान संघ बिजनौर के जिला प्रचार प्रमुख ईश्वर सिंह ने बताया कि 9 सितम्बर को प्रदेश के सभी विकास खण्डों पर गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति कुंटल की मांग को लेकर ज्ञापन दिए गए थे। जिस पर मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान संघ की मांग को ध्यान में रख कर गन्ना मूल्य में अगैती व सामान्य प्रजाति पर 30-30 रुपये 2025-26 पेराई सत्र के लिए बढ़ाने की घोषणा की है।

# सचिन पंवार बने ब्लॉक अध्यक्ष

**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष सचिन कुमार को नियुक्त किया। बुधवार को नहटौर में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष विनित तोमर ने संगठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने बढ़े गन्ने के दाम को लेकर सहमति जताई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनीत तोमर, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चिकारा, जिला महासचिव बिजेंद्र सिंह लांबा, चंद्रवीर सिंह, अरविंद मास्टर ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलदीप राठी ब्लॉक सचिव अल्तमस आदि मौजूद रहे।

# 500 रुपये कुंतल होना चाहिए गन्ने का दाम

## किसान मजदूर संगठन पूरन ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** किसान मजदूर संगठन पूरन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने कहा कि वर्तमान में गन्ने का मूल्य लागत के अनुपात में काफी कम है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। संगठन ने मांग की कि गन्ने का मूल्य 500 प्रति कुंतल किया जाए।

संगठन ने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटरों से बिजली बिल अधिक आ रहे हैं। इसलिए स्मार्ट मीटर लगाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में सहकारी समितियों से चार प्रतिशत ब्याज सब्सिडी अभी तक किसानों के खातों में न पहुंचने पर नाराजगी जताई गई और इसे जल्द से जल्द किसानों के खातों में भेजने की मांग की गई। इस दौरान डॉ. विपिन राजपूत, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, सुभाष चंद्र, विकास कुमार, ब्रजवीर सिंह, नवबहार सिंह, नरेंद्र कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामकृष्ण मंदिर में मनाया जायेगा तुलसी-शालिग्राम विवाह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय गोविन्द नगर (पंजाबी कॉलोनी) स्थित श्री सनातन धर्म राम कृष्ण मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी-शालिग्राम के विवाह का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के सचिव/प्रबंधक सदानन्द खेड़ा ने बताया कि 2 नवम्बर की दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक महिलाओं द्वारा भजनों का आयोजन होगा तथा 3 नवम्बर की दोपहर 2 बजे शालिग्राम की बारात का मंदिर से प्रस्थान होगा, जो 4 बजे लौटकर आयेगी। जहां मंदिर में उसका स्वागत किया जायेगा तथा सायं 6 बजे जयमाला व नृत्य कार्यक्रम के उपरांत 6.30 बजे पूरी, हलवा, सब्जी, मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया जायेगा। श्री खेड़ा ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

# गोपाष्टमी पर किया गौ पूजन



**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )।** वृहद गौ संरक्षण केंद्र छाछरी टीप में गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौ महिमा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जॉइंट मजिस्ट्रेट, हल्दौर ब्लाक के बीडीओ कुणाल रस्तोगी और विशिष्ट अतिथि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह तोमर रहे। इस अवसर पर गौशाला समिति के अध्यक्ष आरके शर्मा सहारनपुर और गौशाला प्रबंधक चंद्रमणि शर्मा द्वारा अतिथियों का फूलमाला से स्वागत किया गया। गौशाला में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। हवन पंडित जीत शर्मा भारद्वाज के द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि कुणाल रस्तोगी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र तोमर ने गौ माता का पूजन किया। उनको टीका लगाया, फूलमाला पहनाकर कंबल ओढ़ाया और हरा चारा व गुड़ खिलाया। गीता शर्मा, मिथिलेश, रूपराम सिंह, दलबीर सिंह, यशपाल सिंह, प्रमोद, बलराम सिंह, बृजेश देवी आदि उपस्थित रहे।

# आज़म की मुश्किल फिर बढ़ी, आरपीएस मान्यता केस में पत्नी और सपा नेता पर आरोप तय

## बीएसए दफ्तर के बाबू पर शिकंजा

**रामपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** सीतापुर जेल से रिहा होने के करीब एक माह बाद सपा नेता आजम खां पर फिर कानूनी शिकंजा कसा है। रामपुर पब्लिक स्कूल की मान्यता लेने में फर्जीवाड़ा करने पर कोर्ट में बुधवार को उन पर आरोप तय हुए। इस मामले में उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा व बीएसए दफ्तर के बाबू के खिलाफ भी आरोप तय किए गए हैं। इससे पहले सपा नेता पत्नी के साथ कोर्ट में पेश हुए, जहां उन्होंने कई मामलों में अपनी हाजिरी लगाई। इन मामलों में अलग-अलग तारीखों पर सुनवाई होनी होगी। सपा नेता आजम खां की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। एक माह पहले सपा नेता जमानत पर रिहा हुए थे। उनकी रिहाई के करीब एक माह बाद सपा नेता पर अब कानूनी शिकंजा कसा है। सपा नेता के खिलाफ शहर कोतवाली में वर्ष 2019 में दर्ज फर्जी तरीके से रामपुर पब्लिक स्कूल की मान्यता लेने के संबंध में दर्ज मामले में एमपीए-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई चल रही है। बुधवार को कोर्ट में इस मामले में सुनवाई हुई। इसके लिए सपा नेता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फात्मा व बीएसए दफ्तर के बाबू तौफीक अहमद



कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में उनके खिलाफ इस मामले में आरोप तय कर दिए गए। कोर्ट में उनके खिलाफ धारा 420, 467, 471 और 120 बी के तहत आरोप तय किए गए हैं। अब इस मामले की सुनवाई दस नंवबर को होगी। सपा नेता आजम खां ने यतीमखाना बस्ती मामले समेत कई मामलों में कोर्ट में हाजिरी लगाई। यतीमखाना बस्ती मामले में सपा नेता कोर्ट में हाजिर हुए। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से गवाह पेश किया गया। इस मामले की सुनवाई सात नंवबर को होगी। वहीं दूसरी ओर फांसीघर की जमीन कब्जाने, जौहर यूनिवर्सिटी के गेट के मामले में भी सपा नेता पेश हुए। इन मामलों में अलग-अलग तारीख लगाई गई है। सपा नेता आजम खां व उनकी पत्नी तजीन फात्मा व बीएसए दफ्तर के बाबू पर आरपीएस मामले में चार्ज फ्रेम किए गए हैं। इसके अलावा अन्य मामलों में भी सपा नेता ने कोर्ट पहुंचकर हाजिरी लगाई है।

# 'तालिबान को पूरी तरह से मिटा देंगे...'

## वार्ता विफल होने पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी धमकी



**इस्लामाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। चार दिन तक चले इस्तांबुल शांति वार्ता के विफल होने के बाद पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को अफगान तालिबान को खुली धमकी दी। आसिफ ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान पर कोई आतंकी हमला होता है, तो तालिबान को मिटा दिया जाएगा और उन्हें फिर से गुफाओं में छिपना पड़ेगा। आसिफ ने यह बयान उस वक्त दिया जब इस्तांबुल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चार दिन चली शांति वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। पाकिस्तान की मुख्य मांग थी कि अफगान तालिबान उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करे, जो अफगान धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान में आतंक फैलाने के लिए कर रहे हैं। आसिफ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पाकिस्तान ने भाईचारे वाले देशों के आग्रह पर बातचीत का मौका दिया, लेकिन अफगान अधिकारियों के जहरीले बयानों से उनके विभाजित और छलपूर्ण रवैये का पता चलता है। रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को अपने पूरे शस्त्रागार का छोटा-सा हिस्सा भी इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी तालिबान शासन को पूरी तरह मिटाने के लिए। अगर वे चाहते हैं, तो तोरा बोरा की तरह एक बार फिर भागते हुए उनके दृश्य पूरे क्षेत्र के लोग देखेंगे। आसिफ ने कहा कि तालिबान शासन में मौजूद युद्ध भड़काने वाले लोगों ने पाकिस्तान के हौसले और संकल्प को गलत पढ़ लिया है। उन्होंने कहा कि अगर तालिबान लड़ाई चाहते हैं, तो दुनिया देखेगी कि उनके ये दावे सिर्फ दिखावा है।

# थाना प्रभारी ने प्रयोग की गलत भाषा, बिजनौर में धरना देंगे एम.आर. पाशा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने स्योहारा के थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर उन्हें सस्पेंड नहीं किया गया और उनके खिलाफ मुकदमा नहीं लिखा गया तो वे हजारों विकलांगों को साथ लेकर 11 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना देंगे।

एक प्रेस विज्ञप्ति में एम.आर. पाशा ने कहा कि वह राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा स्वीप आईकॉन ब्रांड एम्बेसडर लोकसभा चुनाव 2024 तथा सदस्य जिला स्तरीय समिति हैं। गत 23 अक्टूबर को वह थाना स्योहारा में अपने एक कार्यकर्ता का मसला लेकर गये थे, जिसका ऑटो 15 दिन से थाने में खड़ा है। थाना प्रभारी न तो ऑटो को छोड़ रहे हैं न ही कोई कार्रवाई कर रहे हैं। यह कहने पर कि 15 दिन हो गये, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर थाना प्रभारी आग बबूला हो गये। पाशा का आरोप है कि थाना प्रभारी ने उन्हें अपशब्द कहे तथा सबक सिखाने की धमकी दी। पाशा ने कहा कि अगर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो वह लखनऊ और दिल्ली तक जाने से पीछे नहीं हटेंगे।

# असलम अंसारी आजाद समाज पार्टी के नगर उपाध्यक्ष बने




**असलम अंसारी को मनोनयन पत्र भेंट करते खुर्शीद मंसूरी।**

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के नजीबाबाद कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी व नगर अध्यक्ष सुल्तान कुरैशी ने असलम अंसारी को नगर उपाध्यक्ष नजीबाबाद मनोनीत करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किया। साथ ही राजेश जुनेजा नजीबाबाद को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर साहनपुर चेयरमैन एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, अलीपुरा पूर्व प्रधान सूफी नफीस अहमद, राशिद खान, नादिर खान, अदनान, इंतेजार, अब्दुल वाहिद, नबील राईन व नौशाद सरवरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा 2027 के चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

# भागवत को समझना भगवान को समझने के बराबर: पं. भोला शंकर

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कथा व्यास पंडित भोला शंकर शास्त्री ने भागवत महात्म्य की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। यह कथा भवसागर से पार कराने वाली है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पाप मुक्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचाता रहा है। भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है। इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान किया। कहा कि सबसे पहले सुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था।



**कथा सुनाते कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री।**

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। कथा वाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है। इसलिए अच्छे कर्म करो। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तब-तब मानवता की सेवा के लिए भगवान अवतार लेते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया।

# एचआईएमएस जौलीग्रांट में मनाया गया विश्व स्ट्रोक दिवस

## व्याख्यान के दौरान इसके संबंध में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एचआईएमएस जौलीग्रांट में स्ट्रोक दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें स्ट्रोक की पहचान, आपातकालीन देखभाल और बचाव के विषय में जानकारी दी गयी। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय एसआरएचयू के बीसी रॉय सभागार में न्यूरोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि भारत में हर 40 सेकंड में एक ब्रेन स्ट्रोक होता है। स्ट्रोक के मामले अब केवल बुजुर्गों को ही नहीं बल्कि युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। स्ट्रोक के खतरे को कम करने के लिए हमें जागरूक और शिक्षित होना पड़ेगा।



### स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानें

डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है, जिससे समय पर इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के मुख्य लक्षणों में चेहरे में, हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता (आमतौर पर शरीर के एक तरफ), बोलने या समझने में कठिनाई, देखने में परेशानी, चलने में संतुलन की कमी और अचानक तेज सिरदर्द शामिल हैं। स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानना महत्वपूर्ण है क्योंकि तुरंत चिकित्सा सहायता से मस्तिष्क को होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।



### आपातकालीन देखभाल

डॉ. गोयल ने बताया कि स्ट्रोक के दौरान हर मिनट बहुत कीमती होता है। जितनी जल्दी इलाज शुरू होता है, ठीक होने की संभावना उतनी अधिक होती है। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के मरीजों को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए और उन्हें न्यूरोलॉजिस्ट की देखभाल में रखना चाहिए।

### कैसे करें स्ट्रोक से बचाव

**डॉ. दीपक गोयल ने बताया कि स्ट्रोक से बचाव के लिए हमें नियमित रूप से अपने रक्तचाप और मधुमेह की जांच करानी चाहिए और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के खतरे को कम करने के लिए धूम्रपान और शराब का सेवन नहीं करना चाहिए और नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए।**

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नये भवन का उद्घाटन

## जितना विशाल भवन होगा, उतनी ही अधिक आत्माएं वहां आयेंगी : रमा दीदी



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हरिद्वार रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नए भवन का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। नगर निगम मेयर शभूं पासवान द्वारा गंगा आरती स्थल त्रिवेणी घाट पर देहरादून उप क्षेत्र की केन्द्र एवं आस पास जैसे हिमाचल, यू पी, नजीबाबाद, रुड़की, चकराता, मसूरी आदि 22 सेन्टर की 42 राजयोगिनी, परमतपस्विनी, बालब्रह्मचारिणी तथा समर्पित दीदियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी दीदियो एवं 225 बी.के.भाई बहनों ने संगठित योग कर पूरे विश्व को शान्ति व सुख की किरणे प्रदान की। देहरादून सब जोन सेंटर की हेड राजयोगिनी बी.के. मंजू दीदी ने कहा कि आज यह विशाल भवन सभी भाई-बहनों के सहयोग, सेवा और संकल्प से निर्मित हुआ है, तथा इस कार्य में जिन्होंने भी तन-मन-धन से सहयोग दिया, वे सभी बधाई के पात्र हैं। हरिद्वार सेंटर से उपस्थित राजयोगिनी बी.के. मीना दीदी ने कहा कि हमारे वरिष्ठों ने मुझे एवं ऋषिकेश सेंटर की आरती दीदी को लोकसेवा के साथ-साथ संतों व महात्माओं की सेवा का उत्तरदायित्व सौंपा है। नाहन सेंटर से पधारी राजयोगिनी बी.के. रमा दीदी ने कहा कि बड़े भवनों का निर्माण होना इस ईश्वरीय ड्रामा की योजना में निहित है। जितना विशाल भवन होगा, उतनी ही अधिक आत्माएं वहां आएंगी, रुड़की सेंटर से उपस्थित बी के गीता दीदी ने कहा कि सदैव खुश रहने और खुशी बांटने के लिए हमारे पास खुशी का स्टॉक होना आवश्यक है। जब हम बाबा के ज्ञान को अपने जीवन में धारण कर लेते हैं, तब यह खुशी पलभर की नहीं, बल्कि स्थायी बन जाती है। ऋषिकेश सेंटर की प्रमुख राजयोगिनी बी.के. आरती दीदी जी ने सभी का सम्बोधित करते हुये कहा कि आज ऋषिकेश वासियों का परम सौभाग्य है कि उन्हें 42 देवियों के दर्शन का यह दिव्य अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में मंच संचालन बी.के. सुशील भाई ने अत्यंत सुंदर और प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर सभी बहनों को त्रिवेणी घाट की गंगा आरती में मेयर श्री शम्भू पासवान जी एवं गंगा सभा द्वारा विशेष अभिनन्दन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में आश्रम की कन्याओं एवं माताओं ने अपने भावपूर्ण गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

# बीजीयू में आयोजित हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर बुधवार को भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दीक्षा जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्व विद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन को 25 वर्ष हो चुके हैं। इन वर्षों में प्रदेश ने कई उपलब्धियां अर्जित की। साथ ही कई चुनौतियां भी सामने आईं। कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश के संघर्ष व विकास के बारे में समझाना था। प्रतियोगिता में दीक्षा जोशी प्रथम, हिमांशु रावत द्वितीय व मोहित रतूड़ी तृतीय रहे। कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमन मैंदोला, कमल जोशी और शैलेश चमोली सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# उत्तराखण्ड परिवहन महासंघ के आह्वान पर, दिखाई दिया जाम का असर



कोटद्वार में बुधवार को वाहनों के चक्का जाम के चलते सूना पड़ा जीएमओयू बस अड्डा।

## परेशान यात्री दिन भर घूमते रहे इधर से उधर

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर उत्तराखंड परिवहन महासंघ के आह्वान पर बुधवार को आहूत चक्का जाम का कोटद्वार में असर दिखाई दिया। इस दौरान जीएमओयू की बसों और टैक्सियों का संचालन नहीं हुआ। इस कारण बुधवार कोटद्वार पहुंचे लोगों को पूरा दिन कोटद्वार में ही बिताना पड़ा। हालांकि रोडवेज बस और आटो रिक्शा पूर्व की भांति चलते रहे।

बुधवार सुबह के चक्का जाम का अधिकतर लोगों को पता न होने के कारण उनमें भ्रम की स्थिति बनी रही। वे वाहनों की तलाश में भटकते नजर आये। लुधियाना से रिखणीखाल ब्लाक स्थित अपने गांव जाने के लिए पहुंचे मनोज कुमार व रवींद्र कुमार ने बताया कि उनके परिवार में पूजा का कार्यक्रम है, जिसके लिए उन्हें आज गांव पहुंचना था, लेकिन वाहनों के चक्का जाम के कारण अब उन्हें शाम तक का इंतजार करना पड़ेगा। कहा कि उनके गांव की ओर सुबह को जाने वाली रोडवेज बसें पहले ही फुल हो गई थीं, इस कारण उन्हें बस में भी जगह नहीं मिल पाई। देहरादून, हरिद्वार व लैंसडाउन के लिए टैक्सियों के न चलने के कारण रोडवेज बसों में भीड़ दिखाई दी। वहीं पर्वतीय क्षेत्रों से भी अपेक्षित मात्रा में वाहनों के न पहुंचने से बस अड्डे पर भी और दिनों की तरह भीड़ नजर नहीं आई। बताते चलें कि परिवहन महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर चक्का जाम करने के लिए प्रशासन को पहले ही अवगत करा दिया था। इस संबंध में परिवहन महासंघ और परिवहन अधिकारियों के बीच वार्ता विफल होने के कारण महासंघ ने बुधवार को चक्का जाम का ऐलान किया था।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


जनपद का गौरव, बेबाक पत्रकारिता के प्रतीक
प.उ.प्र./उत्तराखण्ड के लोकप्रिय सांध्य दैनिक समाचार-पत्र
चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ
पर समस्त चिंगारी परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थापक
बाबूसिंह चौहान
संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी
एवं पत्रकारिता के 30 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर वरिष्ठ पत्रकार
एस.एम. असलम को
दिली मुबारकबाद
शुभाकांक्षी-
कपिल कुमार
वरिष्ठ सपा नेता
एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार
जिला पंचायत सदस्य, अफ़ज़लगढ़ क्षेत्र
पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुत्र, अफ़ज़लगढ़ ब्लॉक
पूर्व सपा प्रत्याशी, 19-बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र


दफ़्तरी ख़ानदान की ओर से
बेहद मकबूल अख़बार चिंगारी
की 40वीं सालगिरह
पर समस्त चिंगारी परिवार
एवं वरिष्ठ पत्रकार
संस्थापक
बाबूसिंह चौहान
संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी
एस.एम. असलम
के पत्रकारिता
के 30 साल
मरहूम बाबू अब्दुल हफ़ीज प्रधान
एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार
पूरे होने पर
दिली मुबारकबाद
मौ. शाद
(सुपौत्र)
मरहूम बाबू अब्दुल हफ़ीज प्रधान
ग्राम पंचायत- कासमपुर गढ़ी


मिशनरी पत्रकारिता के प्रतीक लोकप्रिय अख़बार
चिंगारी की 40वीं सालगिरह एवं
संस्थापक
बाबूसिंह चौहान
वरिष्ठ पत्रकार एस.एम. असलम
संपादक
सूर्यमणि रघुवंशी
की बेबाक पत्रकारिता के
30 साल मुकम्मल होने पर
दिली
मुबारकबाद
एस.एम. असलम
वरिष्ठ पत्रकार
मिनजानिब
तसव्वर कुरैशी
प्रधानपति
ग्राम पंचायत-फ़ज़लाबाद परमानन्दपुर
उर्फ मानियावाला, ब्लॉक अफ़ज़लगढ़